# बाबा ने मेरी लाज रखी | by Himanshu Bansal

श्याम बाबा ने इतना दिया बाबा ने मेरी लाज रखी
लाज रखी मेरी लाज रखी
श्याम बाबा ने इतना दिया .................

श्याम श्याम मेरे श्याम श्याम ............

पहली बार मैं गया धाम पर
मन में श्याम की की छवि को रखकर
उनके दर्शन का प्याला पिया बाबा ने मेरी लाज रखी
श्याम बाबा ने इतना दिया .................

दु:ख संकट ने जब था घेरा
कोई नहीं था पास मेरे मेरा
मैंने बाबा को याद किया बाबा ने मेरी लाज रखी
श्याम बाबा ने इतना दिया .................

जो भी श्याम धाम पे जावे
श्याम कृपा का फल वो पावे
है सहारा ये हारों का श्याम बाबा ने मेरी लाज रखी
श्याम बाबा ने इतना दिया .................

मैं सेवक हूँ श्याम का अपने
कोई नहीं अब लगते अपने
हिमांशु को सहारा दिया बाबा ने मेरी लाज रखी
श्याम बाबा ने इतना दिया .................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a5%80-by-himanshu-bansal/